क और सिटी मजिस्ट्रेट से लेकर डीएम हो पा रहे हैं।

है, इसे बढ़ाकर 150 करने की मांग की जा रही है।

# वित्तीय अभिलेखों की स्क्रूटनी पर जोर

**दो दिवसीय कार्यशाला**

- सीएमए भवन में केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग व कॉस्ट एकाउंटेंट्स-लखनऊ चैप्टर की दो दिवसीय कार्यशाला शुरू



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि जागरण

**जागरण कार्यालय, लखनऊ** : दि इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स की उत्तर भारत क्षेत्रीय काउंसिल के कॉस्ट एकाउंटेंट्स लखनऊ चैप्टर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सेवाकर विभाग ने संयुक्त रूप से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। ग़ोमतीनगर स्थित सीएमए भवन में मंगलवार से शुरू हुई इस कार्यशाला का विषय 'केंद्रीय उत्पाद शुल्क अंकेक्षण के परिप्रेक्ष्य में वित्तीय अभिलेखों की स्क्रूटनी कैसे की जाए' रहा।

कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सेवाकर के मुख्य आयुक्त करन के शर्मा तथा कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एससी मोहंती ने दीप प्रज्ज वलित करके किया। करन के शर्मा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कर अपवंचना की प्रभावी रोकथाम के लिए वित्तीय अभिलेखों का अध्ययन तथा स्क्रूटनी किए जाने की भूमिका पर बल दिया। कॉस्ट एकाउंटेंट्स के सीएमए हेमेंद्र सोनी तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सेवाकर के सहायक आयुक्त प्रदीप सिंह सेंगर ने बताया कि केंद्रीय उत्पाद शुल्क, आयुक्तालय के अंतर्गत लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, फर्रुखाबाद एवं अलीगढ़ स्थित मंडल कार्यालयों के सहायक आयुक्त सहित लगभग 280 अधिकारीगण कार्यशाला में भाग लेंगे।

क कला संग्रहालय में एप्लीक व क्विल्टिंग वर्क पर कार्यशाला शुरू

# नेंगे गोटेदार कढ़ाई वाले सुंदर बैग